आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
कुल पृष्ठ 16 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
dainikbhaskar.com झुंझुनूं, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023 पौष कृष्ण पक्ष-2, 2080 12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023 झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

सीरी के डॉ. मर्सी लता व डॉ. विशांत को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-सीरी के दो वैज्ञानिकों डॉ. ए मर्सी लता और डॉ. विशांत को वर्ष 2022 के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सीरी के चेन्नई केंद्र में कार्यरत डॉ. मर्सी लता को इंजीनियरिंग विज्ञान वर्ग में और पिलानी में कार्यरत डॉ. विशांत को भौतिक विज्ञान (इंस्ट्रुमेन्टेशन) वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला नई दिल्ली के सभागार में आयोजित समारोह में केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रदान किया। इस अवसर पर सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, डीएसटी के पूर्व सचिव डॉ. रामासामी उपस्थित थे। पुरस्कार के अंतर्गत विजेता को प्रशस्ति पत्र सहित 50 हजार रुपए व एक प्लैक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त पुरस्कार विजेताओं को 45 वर्ष की आयु तक प्रति माह 7500 रुपए का विशेष मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त कर्ता को पांच वर्ष की अवधि के दौरान 25 लाख रुपए का अनुसंधान अनुदान भी प्रदान किया जाता है। इससे पूर्व भी सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिक डॉ. पी के खन्ना (1984), डॉ. उदित नारायण पाल (2015) तथा डॉ. नीरज कुमार (2018) को भी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ मर्सी लता को यह सम्मान 'इंजीनियरिंग विज्ञान' वर्ग में उनके द्वारा 'अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए व डॉ विशांत को भौतिक विज्ञान वर्ग में 'जायरोट्रॉन में योगदान के लिए दिया गया है।